वार्षिक आख्यासत्र2022-2023	
1.	22 अप्रैल,22पृथ्वी दिवस के अवसर पर इंस्टिट्यूशनल इनोवेशन काउंसिल के बैनर तले NSS एवं पर्यावरण के संयुक्त तत्वाधान में पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय '**अपने ग्रह में निवेश**' रहा है। पोस्टर के निर्णायक लखनऊ विश्वविद्यालय के सहायक आचार्य प्रो० राजेश्वर तथा स्लोगन के निर्णायक राजकीय महाविद्यालय, ज्ञानपुर, भदोही के सहायक आचार्य, डॉ० प्रमोद कुमार सिंह रहे ।
2.	22-30 मई, 22 तक सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान के अंतर्गत जागरूकता फलाई गयी ।

3.	31 मई, 22 को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर एक रैली निकली गयी। रैली से पूर्व धूम्रपान न करने की शपथ ली गयी तथा गली मोहले एवं बस्ती में भी जागरूकता फलाई गयी।
4.	4 जून, 22 को विश्व पर्यावरण दिवस के पूर्व संध्या पर प्रगति पर्यावरण संरक्षण फाउंडेशन एवं इग्नू ने संयुक्त रूप से प्रतिभाग किया। इस अवसर पर अथिति स्वरूप नवॉर्ड की डी. जी. एम., सी. जी. एमइग्नू के निदेशक एवं भारत सरकार के अनेकों अधिकारी उपस्थित रहे।
5.	5जून, 22 विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय NSS एवं पर्यावरण समिति के संयुक्त तत्वाधान में "Living Sustainability with nature" विषय पर ऑनलाइन वेबनार का आयोजन किया गया। इसके मुख्य वक्ता डॉ० हरीश चंद्र दत्त, जम्मू विश्वविद्यालय के रहे। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

	
6.	14 जून, 22 को विश्व रक्तदान दिवस के अवसर ई-राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन "Donate Blood Save Life" विषय पर किया गया। इसके मुख्य वक्ता डॉ आलोक तिवारी थे।

		
7.	7 जुलाई, 22 के अवसर पर एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के प्रथम पाली में एनएसएस के सेवियों ने अपने दैनिक क्रिया कलापों को पालन किया गया। तदोपरांत पर्यावरण समिति एवं NSS के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय प्रांगण में जड़ी बूटी औषधिये गुणों वाले बेल, नीम, नारंगी, पीपल, बोटलब्रश, सदाबहार, मनोकामिनी, अशोक, अमलतास, अमरूद, जामुन, मौलश्री, इत्यादि विविध पौधों का रोपण किया, अंत में वन वृक्षों के औषधीय गुण विषय पर व्याख्यान हुआ।	

8.	9 अगस्त, 22को काकोरी कांड दिवस पर ऑनलाइन वेबनार का आयोजन हुआ एवं पृश्नोतरी पार्टियोगिटा का भी आयोजन हुआ।
9.	12 अगस्त, 22 को अमृत महोत्सव के अन्तर्गत गाज़ीपुर, बलराम, अलूनगर, डुमरिया, गाँव में जाकर पर्यावरणीय एवं औषधिये गुणों वाले पौधों का रोपण कार्य किया।

10.	13 अगस्त, 22 को अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हर घर तिरंगा, झंडा रैली एवं चौराहे का सुंदरीकरण महाविद्यालय की प्राचार्य के नेतृत्व में किया गया।

11.	11 अगस्त, 22 अमृत महोत्सव की श्रृंखला के अन्तर्गत महाविद्यालय की साज-सज्जा तथा विशालकाय वृक्षों को तिरंगे के रंग से रंग गया।
12	15 अगस्त, 22 को प्रभात फेरी में प्रतिभाग निकली गयी तथा खूब नारे लगाये।

.	
13.	23 अगस्त, 22 NSS स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर एक दिवसीय शिविर का औज़ान किया गया।
14.	19 अक्टूबर, 22 को तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता एवं स्वास्थ्य विषय पर व्याख्यान भी हुआ।
15.	31 अक्टूबर, 22 सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती के अवसर पर NSS की दोनों इकाइयों की छात्राओं ने मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के आवास 5 कालिदास मार्ग पर पहुँचकर एकता दौड़ में प्रतिभाग किया तथा शपथ ग्रहण किया।

16.	01 दिसंबर, 22 विश्व एड्स दिवस के अवसर के एड्स की रोकथाम एवं उपचार" विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया।
17.	11-17 जनवरी, 23 तक सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया तथा सड़क सुरक्षा के प्रति शपथ ली एवं व्याख्यान, प्रश्नोत्तरी तथा प्रभातफेरी के माध्यम से जारूकता फैलायी।

18.	21 जनवरी, 23 को क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो० सुधीर कुमार चौहान के दिशा निर्देशन पर NSS के छात्रों ने 5कालिदास मार्ग, मुख्यमंत्री आवास पर पहुँचकर मैराथन में प्रतिभाग किया।
19.	23जनवरी, 23 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती, NSS और NCC के संयुक्त तत्वाधान में मनायी गयी।
20.	25 जनवरी, 23 राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाता शपथ दिलायी गयी साथ ही साफ़ सफ़ाई, ताली बजाने एवं लक्ष्यगीत गाने का अभ्यास किया। आस्था अस्पताल के माध्यम से Covid-19 के द्वितीय तथा तृतीय डोस के वैसिनेशन कैम्प लगवाया गया। माधवन संस्था द्वारा स्वास्थ्य जाँच भी करायी गयी। शिविर का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

21.	15-21 फरवरी, 23 तक सप्त दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन हुआ।

vivo X60 · ZEISS
Apr 20, 2023, 11:06

vivo X60 · ZEISS
Apr 20, 2023, 10:28

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
अलीगंज, लखनऊ
रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर
प्रवेश/निपुण
रानी लक्ष्मीबाई रेंजर टीम
डॉ. मीनाक्षी शुक्ला
प्रभारी
प्रो. अनुराधा तिवारी
प्राचार्य
vivo X60 · ZEISS
Apr 20, 2023, 08:31

रेंजर्स आख्या-2022-23

दिनांक 16 व 17 जनवरी 2023 को महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, आशियाना में रोवर्स/रेंजर्स अंतरमहाविद्यालयी समागम में महाविद्यालय की रेंजर्स छात्राओं ने भाग लिया तथा अनेक प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अनेक पुरस्कार जीते।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अलीगंज, लखनऊ में दिनांक 17 अप्रैल 2023 को रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया । प्राचार्य प्रो.अनुराधा तिवारी द्वारा ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभकिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य ने रेंजर्स इकाई को उत्साह पूर्वक,निडर होकर जीवन की किसी भी समस्या का सामना करने की प्रेरणा दी। रेंजर्स प्रभारी डॉ मीनाक्षी शुक्ला ने रेंजर्स के उद्देश्य की जानकारी छात्राओं को दी। प्रशिक्षण मंडल द्वारा प्रार्थना, झंडा गीत, नियम, ध्वज शिष्टाचार, टोली संबंधित जानकारी ,गीतों से मनोरंजन, व्यायाम तालियों का अभ्यास इत्यादि कराया गया। प्रशिक्षण के दूसरे दिन बीपी 6 शारीरिक व्यायाम, ध्वज शिष्टाचार, रेंजर्स प्रतिज्ञा एवं सिद्धांत का लेखन कार्य, कैंप फायर गीत, गांठों की जानकारी तथा रोवर रेंजर्स का महत्व बताया गया। प्रशिक्षण के तीसरे दिन शारीरिक व्यायाम, ध्वज शिष्टाचार, रेंजर्स द्वारा प्राथमिक चिकित्सा का लेखन एवं प्रयोगात्मक कार्य, लोकगीत टोली, झांकी टोली प्रदर्शन, झंडो की जानकारी, लेखन कार्य स्वच्छता अभियान द्वारा श्रमदान इत्यादि कार्य सम्पन्न हुए। प्रशिक्षण के चौथे दिन शारीरिक व्यायाम, ध्वज शिष्टाचार, 5 किलोमीटर रेंजर्स हाइकिंग, समूहों का वर्गीकरण एवं पंचम दिवस की तैयारी की गई।प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन रानी लक्ष्मीबाई रेंजर्स इकाई की छात्राओं ने ध्वज शिष्टाचार, सर्वधर्म प्रार्थना, लोकगीत, नाटक, टेंट निर्माण, द्वार निर्माण एवं सज्जा, मंकी पुल निर्माण ,गैजेट्स इत्यादि रचनात्मक गतिविधियां संपन्न की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री मती कामिनी श्रीवास्तव (स्टेट ऑर्गनाइजिंग कमिश्नर, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स,उत्तर प्रदेश)तथा प्राचार्य प्रो.अनुराधा तिवारी द्वारा छात्राओं के कार्यों का निरीक्षण किया गया ।मुख्य अतिथि द्वारा रेंजर छात्राओं के कार्यों की सराहना की गई तथा उन्होंने छात्राओं को निरंतर अभ्यास करते हुए राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्राचार्य प्रोफेसर अनुराधा तिवारी ने छात्राओं को रेंजर्स के मूल मंत्र साहस और सेवा को जीवन का लक्ष्य मानते हुए राष्ट्र की उन्नति में अपना

योगदान देने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य महोदया ने मेडल पहनाकर सभी छात्राओं को पुरस्कृत किया। रेंजर्स द्वारा बनाए गए बाटी- चोखा तथा अन्य स्वादिष्ट पकवानों की सभी ने सराहना की।कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को शपथ व दीक्षा दिलाई गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। शिविर का संचालन रेंजर्स प्रभारी डॉ मीनाक्षी शुक्ला के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ।